https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 40 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, गुरुवार, 20 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL





## सार संक्षेप

### राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हो रहे मुकदमे : तेजस्वी



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने 'लैंड फॉर जॉब' मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूछताछ पर कहा है कि यह एक कानूनी व्यवस्था है और हम उसका पालन करने वाले लोग हैं। राजद नेता ने बुधवार को कहा, वे बुलाते हैं, हम लोग जाते हैं, लेकिन होना कुछ नहीं है। स्वाभाविक है, अगर हम राजनीति में नहीं होते तो क्या यह मुकदमे होते? हम राजनीति में हैं, इसलिए राजनीतिक षड्यंत्र के हिसाब से मुकदमा किया जा रहा है, हालांकि इससे फर्क नहीं पड़ता है।

### 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी



**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इन लोगों ने अलग-अलग समय पर अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद नकली दस्तावेज पेश करके भारतीय पासपोर्ट हासिल किए हैं। लुकआउट नोटिस इस आशंका में जारी किए गए हैं कि ये 69 घुसपैठिए अभी भी देश में, खासकर पश्चिम बंगाल में, छिपकर रह रहे हैं और दूसरे देशों में भाग सकते हैं।

### टेंपो ट्रेवलर में लगी भीषण आग, चार लोगों की मौत



**पुणे।** पुणे के हिंजेवाड़ी इलाके में एक टेंपो ट्रेवलर में भीषण आग लग गई। टेम्पो में सवार चार लोगों की जलने से दर्दनाक मौत हो गई। चारों लोग व्योमा ग्राफिक्स कंपनी के कर्मचारी थे। इस टेम्पो में कंपनी के कुल 12 कर्मचारी यात्रा कर रहे थे। टेंपो जलकर राख हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हिंजेवाड़ी फेज-1 में ड्राइवर के पैरों के नीचे अचानक आग लग गई। तभी ड्राइवर और आगे का स्टाफ तुरंत नीचे उतर गया।

### व्यापारी से 80 लाख लूटने के मामले में दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाहौरी गेट थाना इलाके में अंगड़िया व्यापारी से लगभग 80 लाख रुपए की लूट का डीसीपी ने खुलासा किया है। लूट के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोमवार शाम को व्यापारी से गन पॉइंट पर रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए थे।

# 9 महीने बाद धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स

- अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने में 17 घंटे लगे
- स्पेसक्राफ्ट का टेम्परेचर बढ़ने पर 7 मिनट संपर्क टूटा
- अंतरिक्ष यान को फ्लोरिडा के तट पर उतारा गया

**फ्लोरिडा**, 19 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ, यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार 18 मार्च को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से रवाना हुए



थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है।

ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08:35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच क्लोज हुआ, यानी दरवाजा बंद हुआ। 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट आईएसएस से अलग हुआ। 19 मार्च को रात 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया।

### समुद्र में डॉल्फिन्स ने किया स्वागत

धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्रियों को एक सुंदर और अप्रत्याशित अनुभव हुआ। उनका स्वागत डॉल्फिन्स ने किया। ड्रैगन कैप्सूल के समुद्र में उतरते ही डॉल्फिन कैप्सूल के आसपास तैरते हुए देखे गए। यह एक लगभग जादुई क्षण था जब डॉल्फिन ने ड्रैगन कैप्सूल के चारों ओर चक्कर लगाया।

### पीएम मोदी ने कहा, धरती पर स्वागत है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू-9 टीम की धरती पर सुरक्षित वापसी के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी खुशी जाहिर की। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सुनीता विलियम्स के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, आपका स्वागत है क्रू-9, धरती ने आपको याद किया। यह उनके धैर्य, साहस और मानवीय भावना की परीक्षा रही।

# केंद्र-किसानों की 7वीं वार्ता भी बेनतीजा

## शंभू-खनौरी बॉर्डर पर फोर्स बढ़ी, हरियाणा में अलर्ट

**चंडीगढ़**, 19 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 महीने से आंदोलन कर रहे किसानों और केंद्र के बीच बुधवार को 7वीं वार्ता बेनतीजा रही। बातचीत सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चली। इसमें किसान नेता समेत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी शामिल हुए।

बैठक के बाद किसान जब शंभू और खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे, तभी पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। इनमें किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण पंधेर और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के जगजीत डल्लेवाल शामिल हैं। पंधेर को मोहाली की एयरपोर्ट रोड पर तो डल्लेवाल एंबुलेंस में खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे, पुलिस ने उन्हें संगरूर में घेर लिया। इसके बाद पुलिस डल्लेवाल को एंबुलेंस समेत ही हिरासत में लेकर चली गई। सूचना है कि किसानों को पटियाला के कमांडो सेंटर (बहादुरगढ़) में शिफ्ट किया जा रहा है। दोनों नेताओं की अगुआई में ही ये आंदोलन चल रहा है। इनके अलावा किसान नेता काका सिंह कोटड़ा, अभिमन्यु कोहाड़, मनजीत राय, ओंकार सिंह को भी डिटेन किया गया।



- पंजाब पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प
- पिछले 13 महीने से आंदोलन कर रहे थे किसान

### 13 महीने बाद शंभू-खनौरी बॉर्डर खाली कराए

पंजाब पुलिस ने 13 महीने से बंद हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर को खाली करा दिया है। यहां आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया गया। इस दौरान 200 किसानों को हिरासत में लिया गया। जिसके बाद बुलडोजर से किसानों के बनाए शेड तोड़ दिए गए।

### बॉर्डर बंद होने से काफी आर्थिक नुकसान हो रहा था : चीमा

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आज की कार्रवाई सिर्फ इसलिए की गई, क्योंकि राज्य को किसानों के बॉर्डर बंद से काफी आर्थिक नुकसान हो रहा था। साथ ही हम राज्य से नशा खत्म करना चाहते हैं। नशा तब खत्म होगा, जब बेरोजगारी खत्म होगी। बेरोजगारी खत्म करने के लिए हमें राज्य में इंडस्ट्री की जरूरत है। मगर धरने की वजह से कई कारोबारियों को परेशानी हो रही है। दोनों बॉर्डर बंद होने से पंजाब को बहुत बड़ी चोट लगी है। जिसके चलते आज की इस कार्रवाई को अमल में लाया गया।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले पर 16 को सुनवाई




- सुप्रीम कोर्ट ने तय की तारीख
- जल्द सुनवाई की मांग की गई

**चंडीगढ़**, 19 मार्च (एजेंसियां)। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 16 अप्रैल को सुनवाई करेगा। याचिका में चुनाव आयुक्तों की साल 2023 के कानून के तहत नियुक्ति को चुनौती दी गई है। मामले में याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने अपील की कि इस मामले पर जल्द सुनवाई की जाए क्योंकि यह मामला लोकतंत्र के जड़ में है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले पर सुनवाई की तारीख 16 अप्रैल तय कर दी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आज कई जरूरी मामलों पर सुनवाई होनी है, इसलिए इस मामले पर 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। प्रशांत भूषण याचिका दायर करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से सुनवाई में शामिल हुए।

केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल अधिनियम साल 2023 में लागू किया था। इस अधिनियम के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति द्वारा की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त एक केंद्रीय मंत्री शामिल होते हैं। पहले इस समिति में केंद्रीय मंत्री की जगह मुख्य न्यायाधीश शामिल होते थे, लेकिन नए कानून में मुख्य न्यायाधीश को इस समिति से हटा दिया गया है। इसी का विपक्ष विरोध कर रहा है।

# नागपुर हिंसा मामले में आरोपी फहीम गिरफ्तार



- 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया
- 51 आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया

**नागपुर**, 19 मार्च (एजेंसियां)। नागपुर में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी और माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के जिला अध्यक्ष फहीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। फहीम खान को इस हिंसा का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। गणेशपेठ में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, उसने भीड़ इकट्ठा कर पुलिस थाने के बाहर प्रदर्शन किया और लोगों को भड़काया। आरोप है कि उसने पथराव की साजिश रची, जिसके लिए पहले से पत्थर जमा किए गए थे। इस हिंसा को लेकर कुल 51 नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, ये सभी एक ही धर्म के हैं और सुनियोजित तरीके से हिंसा भड़काने की कोशिश की गई। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि हिंसा के दौरान महिला पुलिसकर्मियों के साथ छेड़खानी, बदसलूकी और दुष्कर्म की साजिश रची गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना जानबूझकर की गई ताकि प्रशासन को दबाव में लाया जा सके।

भीड़ ने पुलिस पर आरोप लगाया कि वे सिर्फ एक पक्ष के लिए काम कर रही हैं। इस दौरान अशोभनीय भाषा और गालियों का भी इस्तेमाल किया गया। उल्लेखनीय है कि फहीम खान पहले भी चर्चाओं में रहा है। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ चुका है।

### आरएसएस के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर बोले
### औरंगजेब के नाम पर विवाद आज प्रासंगिक नहीं

शंभाजी नगर से औरंगजेब की कब्र को हटाने की वीएचपी और अन्य संगठनों की मांगों के बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस ) के प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि मुगल बादशाह आज के समय में प्रासंगिक नहीं हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी तरह की हिंसा को हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

### नागपुर हिंसा पर विधानसभा में बोले फडणवीस
## आयत वाली कोई चादर नहीं जलाई गई



नागपुर हिंसा पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि आयत वाली कोई चादर नहीं जलाई गई। आयत को लेकर अफवाह फैलाई गई। यह संदेश जानबूझकर वायरल किया गया कि आयत को जलाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस और मेरे बयान में कोई फर्क नहीं है। पुलिस पर हमला करने वाले बचेंगे नहीं। किसी भी दोषी को नहीं छोड़ेंगे. कब्र में छुपे हैं तो कब्र से निकालेंगे। विधानसभा में अपने संबोधन में सीएम ने ये भी कहा कि दुनिया में ऐसा कोई राज्य नहीं है जहां अपराध न होते हों। ये प्रवृत्तियां हैं। अपराध के बाद क्या कार्रवाई की जाती है यह महत्वपूर्ण है। चोरी और डकैती की घटनाएं अधिक होती हैं। बलात्कार और छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही हैं। पहले हम छेड़छाड़ का अपराध लगाते थे, लेकिन अब हमने 2013 के बाद बलात्कार का अपराध लगाना शुरू कर दिया है।

### अगले महीने हो सकती हैं बीजेपी के नए अध्यक्ष की घोषणा
# आरएसएस ने भाजपा को बताए अपनी पसंद के तीन नाम

**नई दिल्ली**, 19 मार्च बेंगलुरु में होने वाली आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक से पहले संघ ने अगले बीजेपी अध्यक्ष के लिए भाजपा को अपनी तरफ से तीन नाम सौंप दिए है। होली के बाद बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। क्योंकि राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की धीमी गति और 21-23 मार्च तक बेंगलुरु में होने वाली आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के चलते यह प्रक्रिया अप्रैल तक टल सकती है।


सूत्रों ने बताया कि संघ मुख्यालय ने भाजपा नेतृत्व को तीन नाम भेज दिए हैं। जिनमें भूपेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र प्रधान व मनोहर लाल खट्टर का नाम शामिल हैं। माना जा रहा है इन्हीं तीन नामों में कोई एक बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष होगा। भूपेंद्र यादव केंद्र सरकार में श्रम और रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य सभा में संसद सदस्य हैं। धर्मेन्द्र प्रधान केन्द्र सरकार में शिक्षा मंत्री हैं। उडीसा में भाजपा के पुनुरूत्थान में उनकी महती भूमिका रही हैं जबकि मनोहर लाल खट्टर हरियाणा के चीफ मिनिस्टर रहे हैं तथा शहरी विकास मंत्री हैं । अब तक अटकलें लगाई जा रही थीं कि होली के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। लेकिन राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में देरी, आधे से ज्यादा राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव में देरी के कारण अभी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव संपन्न में 15 से 20 दिन का समय लग सकता है। बेंगलुरु में होने वाली आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक की बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महासचिव बीएल संतोष समेत 1500 से ज्यादा प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।



- भूपेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र प्रधान व मनोहर लाल खट्टर का नाम शामिल

# डेयरी विकास के लिए 2790 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली**, 19 मार्च सरकार ने डेयरी के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विकास लिए मंत्रिमंडल ने 2790 करोड़ की परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा यह संशोधित एनपीडीडी केंद्रीय योजना है जिसमें 1000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय से 15 वें वित्त आयोग चक्र (2021-22 से 2025-26) की अवधि के लिए कुल 2790 करोड़ रुपये का बजट हो गया है।



- केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई

### यूपीआई से लेन-देन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

मंत्रिमंडल ने भीम यूपीआई से लेन-देन करने पर प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया गया। इसके अलावा महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किमी) तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड हाईस्पीड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने असम के नामरूप में यूरिया प्लांट के निर्माण को भी मंजूर किया।

# मणिपुर में फिर हिंसा, एक की मौत

**इंफाल**, 19 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार रात करीब 10 बजे जोमी और हमार जनजाति के बीच हिंसा हुई। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ये हिंसा तब हुई जब हमार जनजाति के युवकों ने सीलमत क्षेत्र के पास फहराए गए जोमी झंडे को उतार दिया। हिंसा को रोकने के लिए बुधवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। साथ ही चुराचांदपुर जिले के डिप्टी कमिश्नर धरुण कुमार ने अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण समाधान के लिए जिला मजिस्ट्रेट हर संभव कोशिश कर रही है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। साथ ही डीसी धरुण कुमार ने जिले के सभी जनजाति और संगठनों के नेताओं और अन्य सीएसओ नेताओं से शांति को बहाल करने में मदद की अपील की है।

**सुरक्षा बलों ने किया फ्लैग मार्च**

### रिपोर्ट — संसदीय समिति ने रेलवे स्टेशनों पर भगदड़ रोकने के लिए दिए सुझाव

# स्टेशनों में प्रवेश व बाहर निकलने के कई गेट बनाए जाए

**नई दिल्ली, 19 मार्च (एजेंसियां) । नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना के बाद संसद की स्थायी समिति ने अन्य रेलवे स्टेशनों पर भगदड़ जैसी घटनाएं भविष्य में नहीं होने देने के लिए कई सिफारिश की है। समिति ने रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों (2025-26) पर अपनी रिपोर्ट दी है। समिति ने सिफारिश की कि, देश में अमृत भारत योजना के तहत कई रेलवे स्टेशनों का रिडेवलपमेंट किया जा रहा है।**

इन स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। समिति ने भारतीय रेलवे पर सिफारिश की है कि, अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तहत रिडेवलप हो रहे स्टेशनों यात्रियों की स्टेशनों में प्रवेश और बाहर निकलने के लिए कई गेट बनाए जाने चाहिए। ताकि नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों पर हुई घटनाएं अन्य स्टेशनों पर नहीं हो। स्टेशनों पर अफरा-तफरी और भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए भीड़ मैनेजमेंट में सुधार करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा यात्रियों की सुरक्षा जांच की प्वाइंट, उचित प्रकाश व्यवस्था और जगह जगह संकेतक लगाना चाहिए। ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके साथ ही स्टेशनों पर पर्याप्त कर्मियों की तैनाती की जानी चाहिए, जिससे भगदड़ जैसे हालात न बन पाएं। रेल मंत्रालय के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अब तक कुल 1,337 स्टेशनों की पहचान की गई है जिनमें से 1,202 स्टेशनों पर काम शुरू हो चुका है।



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना से ले सबक

### एक समर्पित टास्क फोर्स का गठन करे

इस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि, देश में अमृत भारत स्टेशन के तहत के 1337 स्टेशनों को रिडेवलपमेंट किया जा रहा है। इसमें 453 रेलवे स्टेशन का काम पूरा होने की डेडलाइन करीब आ गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि, 2024-25 के दौरान 453 स्टेशनों के रिडेवलपमेंट का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन 2024 तक केवल एक ही स्टेशन का रिडेवलपमेंट हो पाया है। मंत्रालय प्रोजेक्ट के टाइम लाइन की निरागनी के लिए एक समर्पित टास्क फोर्स का गठन करे।

## विश्व गोरैया दिवस पर विशेष आलेख

चीं-चीं कर आती और घर-आंगन में फुदकती... नन्हीं सी चिड़िया... जो कभी घरों की शान थी। कच्चे घरों की खपरैल के बीच, दिवार की दरारों, तस्वीरों के पीछे, गडर के कोनों, टीन-टप्परों व छज्जों के नीचे तथा छत पर पानी के नालदों में तिनकों से बनाये हुए इनके घौंसले देखे जाते थे। इनकी चहचहाहट से वीरान घर भी आबाद और जीवंत होते रहते थे। इसी नन्हीं चिड़िया को दाना-पानी देकर देखभाल करते घर के छोटे बच्चों से लेकर बूढ़े हाथ कभी भी थकते नहीं थे। प्राचीन काल से ही हमारे संस्कृति, स्वतंत्रता, उल्लास और परम्परा की संवाहक वही गौरैया अब संकट में है। आज विकास की दौड़ में गांव-शहरों में उग आए सीमेंट के जंगलों और पेड़ों के स्थान पर उगे बिजली व मोबाईल के टावरों ने इस गोरैया को घरों से गायब सा कर दिया है। आज विश्व गोरैया दिवस पर एक रिपोर्ट:



# घरों से गायब होती गोरैया ...कहां गई चिड़िया रानी ?

## इसलिए गायब हो रही है गोरैया

पक्षी विशेषज्ञ और जनसंपर्क उपनिदेशक डॉ. कमलेश शर्मा बताते हैं कि अत्यधिक शहरीकरण व पक्के आवासों के कारण गोरैया को अपना घौंसला बनाने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। अब इनके लिए न तो खपरैल है और ना ही टीन टप्पर। पक्के मकान भी बन चुके हैं और इनके दरवाजे गोरैया के लिए बंद हो चुके हैं। खिड़कियों और रोशनदानों पर जाली लगाए जाने के कारण इनकी पहुंच घरों के भीतर नहीं हो पा रही है और ये घौंसलें नहीं बना पा रही है। दूसरी तरफ इनकी आश्रय स्थली पेड़ों व झाड़ियों की बेतहाशा कटाई के कारण प्रजनन के लिए उपयुक्त स्थान नहीं मिल पा रहा है और अब इनका अस्तित्व अब खतरे में दिखाई दे रहा है। इसके अलावा फसलों में कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से इनके मुख्य भोजन कीट-पतंगों की कमी के कारण भी ये गायब हो रही हैं। विभिन्न शोधों में यह भी बताया जाता है कि मोबाईल टावरों के रेडिएशन के कारण भी इसकी प्रजनन क्षमता में कमी आ रही है और इससे लगातार इनकी संख्या कम हो रही है। यह सुखद है कि अब पशुपक्षियों के प्रति संवेदनशील लोगों के कारण नन्हीं गोरैया के लिए घरों में लकड़ी और गत्ते के कृत्रिम घौंसलें लगाने का प्रचलन बड़ा है और इन घौंसलों में अब ये अपनी वंशवृद्धि भी कर रही है।





## अखिल विश्व में है गोरैया का गौरव

उदयपुर की पक्षीप्रेमी डाक टिकट संग्रहकर्ता पुष्पा खमेसरा बताती है कि प्राकृतिक रूप से गोरैया भारत के साथ यूरोप, अफ्रीका, एशिया, म्यांमार व इंडोनेशिया में आसानी से देखी जा सकती है। गोरैया का गौरव समूचे विश्व में है इसी कारण अब तक भारत सहित 20 से अधिक देशों में गौरैया पर डाक टिकट किए गए हैं। खमेसरा के अनुसार गोरैया पर युगोस्लाविया में 1982 में पहली बार डाक टिकट जारी की गई। भारतीय डाक विभाग ने 9 जुलाई 2010 को गोरैया पर पाँच रुपये मूल्य वर्ग का डाक टिकट जारी किया। इस डाक टिकट में एक नर व मादा गोरैया को दर्शाया गया है।

## किसानों की मित्र है नन्हीं गोरैया




उदयपुर के पक्षीविद् विनय दवे बताते हैं कि सामान्य बोलचाल में जिसे चिड़िया कहा जाता है, वह हमारी गोरैया ही है। गोरैया एक छोटे आकार की चिड़िया है। इसके पंख काले या घूसर रंग के होते हैं। गोरैया की लम्बाई 14-18 सेमी के बीच होती है। इसका सिर गोल, पूंछ छोटी व चोंच नुकीली पिरामिडाकार होती है। गोरैया विवर नीडन है यानि कि ये अपना घोसला पेड़ों, चट्टानों, घरों या इमारतों के विवर में बनाना पसंद करती है। इसके प्रजनन का समय अप्रेल से अगस्त तक है, हालांकि कई जगह पूरे साल इसके घोंसलें देखे गये हैं। यह एक बार में 4-5 अंडे देती है। अंडे का रंग सफेद, हल्का नीला, सफेद या हल्का रंग-सफेद होता है। ऊष्मायन अवधि 11-14 दिन है। इसके चूजे 14-16 दिनों में उड़ने लगते है। दवे बताते हैं कि गोरैया किसानों की मित्र मानी जाती है। गोरैया कीटभक्षी है और यह हज़ारों वर्षों से खेतों और हमारे घर-आंगन में कीट-पतंगों, मक्खी, मच्छर, मकड़ियां, इल्लियां आदि को खाकर पर्यावरण को संतुलित करती है और हमारे जीवन को सहज बनाने में मदद करती है। वह अपने चूजों को भी वो इल्लियां खिलाती है जो फसल को नुकसान पहुंचाती हैं। इस मायने में गोरैया स्वस्थ पर्यावरण की जैव-सूचक है।

## चिड़िया एक नाम अनेक

अलग-अलग बोलियों, भाषाओं, क्षेत्रों में गौरैया को विभिन्न नामों से जाना जाता है।

उर्दू--- चिरया।
सिंधी--- झिरकी ।
पंजाब--- चिरी।
जम्मू और कश्मीर---चेर।
पश्चिम बंगाल---चराई पाखी ।
उड़ीसा--- घराछतिया।
गुजरात --- चकली।
महाराष्ट्र--- चिमनी।
तेलगु--- पिछुका।
कन्नड--- गुबाच्ची ।
तमिलनाडू और केरल- कुरूवी









## पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो का भव्य शुभारम्भ

उदयपुर। उदयपुर चौम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चौम्बर ऑफ कॉमर्स ऑफ इंडस्ट्री द्वारा यूसीसीआई में पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो का शुभारम्भ बुधवार को हुआ। ट्रेड एक्सपो में 125 एक्जीटिर्स ने अपनी स्टॉल्स लगाई है। पीएचडीसीसीआई के राजस्थान प्रमुख एवं अध्यक्ष आर.के. गुप्ता व कन्वीनर मुकेश माधवानी ने बताया कि एक्सपो के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि आर.के. गुप्ता, डॉ. पवन तलेसरा, शैलेन्द्र शर्मा, यूसीसीआई अध्यक्ष एम.एल.लुणावत, अजय पंड्या, जितेन्द्र सिंह राठौड एवं नवीन सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं अतिथि सत्कार के साथ हुआ। शुभारम्भ से मेवाड के पूर्व राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविन्दसिंह मेवाड को दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राजस्थानी सिनेमा महोत्सव और लोक संगीत का महासंगम पर सेमिनार का आयोजन संपन्न



उदयपुर। पर्यटन कला एवं संस्कृति विभाग जवाहर कला केंद्र जयपुर तथा राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर सात दिवसीय राजस्थानी सिनेमा महोत्सव राजस्थानी सिनेमा और लोक संगीत का महासंगम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राजस्थानी फिल्म निर्माता निर्देशक विपिन तिवारी और राजस्थान लाईन प्रोडूसर मुकेश माधवानी ने राजस्थान सरकार द्वारा बनाई जा रही नई फिल्म पर्यटन नीति के बारे में जानकारी दी। प्रदेश भर में चलने वाली आयोजन के अंतर्गत उदयपुर में 100 फीट शोभागपुरा रोड अशोका पैलेस में सेमिनार का आयोजन हुआ जिसमें राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संरक्षक और तीसरी, चौसर, पटेल, उड़ान जिंदगी की, बाहुबली राजस्थानी के निर्माता निर्देशक विपिन तिवारी ने राजस्थानी सिनेमा महोत्सव और लोक संगीत पर प्रकाश डाला। तिवारी ने कहा कि उदयपुर में फिल्म सिटी का समर्थ करते हुए कहा कि वैसे तो उदयपुर अपने आप में ही एक फिल्म सिटी है। उदयपुर के पचास किलोमीटर के दायरे में कुदरत की दी हुई ऐसी मन भावन लोकेशन्स है जो हमें यहां रहते हुए भी विदेश में होने का अहसास कराती है। यहां पर छोटी फिल्म सिटी का होना अत्यन्त ही आवश्यक है। उसका कारण है कि यहां पर प्राकृतिक लोकेशन्स तो बहुत ही खूबसूरत हैए लेकिन उनके सेट्स नहीं बनाये जा सकते हैं। अगर हमें जयसमन्द की पाल पर शूटिंग करना हैए या गुलाबबाग में तो शूटिंग करने के लिए वहां तो जाना ही पडेगाए क्योंकि उसका सेट तैयार नहीं हो सकता है। इसलिए शूटिंग को आसान और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए यहां मिनी फिल्म सिटी होगी तो उससे काफी मदद मिलेगी। फिल्म बनाने वालों को वो सारी सुविधाएं उदयपुर में ही मिल जाए तो फिल्म सिटी में मिलती है। ऐसा तभी सम्भव हो सकता है जब उदयपुर में मिनी फिल्म सिटी बनेगी। यदि उदयपुर में फिल्मसिटी का निर्माण होता है तो यहां के लोक कलाकारों एवं संस्कृति को एक नई पहिचान मिलेगी।

इस अवसर पर राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के उदयपुर प्रभारी एवं फिल्म निर्माता मुकेश माधवानी भी उपस्थित थे। माधवानी ने अपील की कि राजस्थानी सिनेमा और कला संस्कृति लोक संगीत के इस तरह के उत्सव में भाग लेकर आम जन अपना समर्थन दे।

## सांगानेर में खाखरा वाला देवता के स्थान पर में श्री पंचकुंडीय रुद्र महायज्ञ 6 से



भीलवाडा। शहर के उपनगर सांगानेर के प्राचीन प्रसिद्ध देव-स्थान खाखरा वाला देवता के स्थान पर नानी बाई रो मायरो का कथा का आयोजन होने जा रहा है। कथा की तैयारी को लेकर आज समाजसेवियों की बैठक सांगानेर में देवता के स्थान पर संपन्न हुई। बुधवार को कार्यं म का पोस्टर विमोचन देवता के स्थान पर किया गया। पुजारी श्यामलाल ने बताया कि 6 से 10 मई तक होने वाले कार्यं म में समरसता के संदेश के साथ ही सनातन के कल्याण को लेकर श्री पंचकुंडीय महारूद्र यज्ञ व कलश स्थापना भी होगी। 6 मई को दोपहर 3.15 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में सांगानेर गांव में सभी ठाकुरजी के मंदिरों के बेवान शामिल होंगे। जिनकी आकर्षक जाकिया सजाकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा सांगानेर राजकीय विद्यालय से शुरू होकर देवता के स्थान पर संपन्न होगी। 6 मई को ही मंडप पूजन एवं हवन की शुरुआत होगी। 7 मई को नानी बाई का मायरा कथा का शुभारंभ होगा। प्रसिद्ध कथा वाचक परम पूज्य राधाकृष्ण महाराज के मुखारविंद से 9 मई तक नानी बाई का मायरा कथा का वाचन होगा। 8 मई को मंदिर प्रांगण के पास मैदान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 10 मई को प्रभात फेरी संगम और कलश स्थापना होगी। आचार्य धर्मेश व्यास ने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति 10 मई को होगी। पूर्णाहुति एवं महा आरती 10 मई को दोपहर 12.15 बजे होगी। बैठक के दौरान सांगानेर गांव के सभी प्रबुद्ध लोगों ने अपने विचार रखे। अंत में समाजसेवी हरिशंकर प्रजापत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## विशाल बावा ने निर्माण कार्य का अवलोकन किया

नाथद्वारा। पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्रीनाथजी की हवेली के गोस्वामी विशाल बावा ने बुधवार को शहर के बडे मंगरा पर स्थापित होने वाले एक सौ ग्यारह फुट ऊचाई के हनुमान जी के स्वरूप श्श्रीजी के हनुमान जीश् के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारी सामग्री को ऊपर पहुंचाने के लिए निर्मित लिफ्ट ट्रैक का पूजन कर उसका शुभारंभ किया। गोस्वामी विशाल बावा ने गिरिराज परिक्रमा का अवलोकन कर आवश्यकताओं व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।


## राजस्थान पुलिस की विभिन्न मांगों को लेकर राजस्थान नर्सेस यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाडा। राजस्थान नर्सेस यूनियन भीलवाड़ा ने राजस्थान पुलिसकर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संस्था के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया कि होली का त्यौहार पूरे राजस्थान में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया लेकिन राजस्थान पुलिस के जवान इस वर्ष होली नही खेल सकें। जब समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला की राजस्थान सरकार के स्तर पर इनकी विभिन्न मांगे विभागीय पदोन्नति, वेतन विसंगतिया, साप्ताहिक अवकाश, जोखिम भत्ता, वर्दी भत्ता, मैस भत्ता सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कार्यकारी ग्रामीण जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने कहा कि पुलिस हमारे समाज की मजबूत कड़ी है, जो हमारे त्यौहार को खुशहाल बनाते है, आज उनकी मांगे भी सरकार पूरी नही कर रही है। इसी मांग को लेकर यूनियन के पदाधिकारीयो ने मुख्यमंत्री ने नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के वरिष्ठ नेता शंकर पायक, मेडिकल कालेज अध्यक्ष निरंजन चम्पावत, यूनियन प्रवक्ता गिरिराज लढा, उपाध्यक्ष करणसिंह सिसोदिया, अंकित काबरा, कुलदीप, ललित जीनगर, दिनेश खटीक समेत कई नर्सेस अधिकारी मौजूद थे।

मरूधरा माहेश्वरी संस्थान के दो दिवसीय होली स्नेह मिलन, महिला मण्डल ने मनाया गणगौर उत्सव

## चंग की थाप पर मशहूर गायकों ने दी लोकगीतों की प्रस्तुति तो झूमे उठ लोग

भीलवाडा। उल्लास व उमंग से भरे माहौल में रंगों की मस्ती थी तो लोकसंस्कृति की झलक भी नजर आ रही थी। दोपहर में गणगौर उत्सव में महिलाओं एवं युवतियों ने खूब नृत्य करने के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया ओर प्रतिभा दर्शाई। शाम ढलने के बाद चंग की थाप पर शेखावटी से आए राजस्थान के मशहूर लोकगायक बाबूलाल डागा व नारायण कलाणी पर गीतों की की प्रस्तुति दी तो उनके साथ हर कोई झूम उठा। ये नजारा मरूधरा माहेश्वरी संस्थान भीलवाड़ा, मरूधरा माहेश्वरी महिला मण्डल एवं मरूधरा माहेश्वरी युवा मंच के तत्वावधान में रंगोत्सव के उपलक्ष्य में हरणी महादेव रोड स्थित रामेश्वरम भवन में होली स्नेह मिलन के दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन मंगलवार को दिखा। मरूधरा माहेश्वरी संस्थान के अध्यक्ष शांतिप्रकाश मोहता ने बताया कि होली धमाल के इस आयोजन में प्रस्तुति देने के लिए दूसरे दिन बुधवार को राजस्थान के सुप्रसिद्ध लोकगायक राष्ट्रीय कलाकार मुकुंदगढ़ के संजय बिरख पहली बार भीलवाड़ा आएंगे। आयोजन के पहले दिन दोपहर में मरूधरा माहेश्वरी महिला मण्डल की ओर से गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मण्डल की सदस्यों ने परिवार संग भाग लिया। राजस्थानी पारम्परिक लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करने वाले पहनावे में सजी धजी




महिलाओं एवं युवतियों ने उत्साह से गणगौर उत्सव के हर आयोजन में सहभागिता निभाई। आयोजन के दौरान डांस कंपीटिशन में खेलन दो म्हाने गणगौर भंवरजी, होलियां में उड़े रे गुलाल, उनसे मिली नजर जैसे गीतों पर मनभावन प्रस्तुतियां दी गई। प्रस्तुति देने वालों में हर उम्र वर्ग की महिला सदस्य शामिल थी। महिला मण्डल की अध्यक्ष शीतल चाण्डक ने बताया कि उत्सव में गणगौर को नए नजरिया से प्रस्तुत करने ओर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए ये इस तरह की कंपीटिशन आयोजित किया गया। गणगौर को चित्रित करते हुए गीतों व नृत्यों की विविध आकर्षक रूपों में प्रस्तुति दी गई। डांस कंपीटिशन की थीम गणगौर रेट्रो, गणगौर बॉलीवुड एवं गणगौर राजस्थानी पर केन्द्रित रही। डांस कंपीटिशन में प्रथम रीतिका चांडक एंड ग्रुप, द्वितीय इशिता झंवर एंड ग्रुप तथा तृतीय श्रुति बाहेती एंड ग्रुप रहे। महिला मण्डल की सचिव संगीता बाहेती ने बताया कि विशेष आकर्षण 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए मिसेज गणगौर प्रतियोगिता रही। इसमें सोलह श्रृंगार कर पारम्परिक वेशभूषा में सजी कई महिला सदस्यों ने रेम्प पर केटवॉक करते हुए शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया ओर हॉल तालियों से गूंज उठा। इस प्रतियोगिता में प्रथम सीमा जेठा, द्वितीय सुनीता डागा एवं तृतीय राजू लखानी रही। प्रश्नोत्तर राउण्ड में भी उत्साह का माहौल रहा। प्रतिभागियों से गणगौर से जुड़े प्रश्न किए गए जिनका जल्द से जल्द जवाब देने की होड़ रही। गणगौर उत्सव में मंच का संचालन विनीता चांडक, रितिका चांडक एवं श्रुति बाहेती ने किया। आयोजन सफल बनाने में संस्थान सदस्य श्याम चांडक, सत्यनारायण नंदू झंवर, दामोदर सिंगी, प्रकाश झंवर, राधाकिशन सोमानी, मुरारीलाल बियाणी, हेमराज नंदलाल बजाज, राधेश्याम सोमानी, किशन झंवर, श्रीवल्लभ चांडक, कमल मोहता के साथ मरूधरा माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष शीतल चांडक, महासचिव संगीता बाहेती आदि की सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग रहा।

## श्रीनाथजी हवेली में तीन दिवसीय मनोरथ 21 से

नाथद्वारा। पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ श्रीनाथजी की हवेली में शुक्रवार से रविवार तक तीन दिवसीय मनोरथ होंगे। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। तिलकायत राकेश महाराज के हीरक वर्ष व तिलकायत कुलोदभव गोचि लाल गोविंद बावा के जन्मदिन के उपलक्ष में श्रीनाथजी एवं नवनीत प्रियाजी के तीन दिवसीय मनोरथ एवं विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम नाथद्वारा में होगा। तीन दिवसीय मनोरथ में शुक्रवार को आली कुंज भवन, गो चारण मनोरथ, बैठे फूल महल मनोरथ, इसी दिन शीतला सप्तमी पर श्रीजी प्रभु में राजभोग दर्शन में आली कुंज भवन मनोरथ एवं लाडले लाल प्रभु में गो चारण मनोरथ एवं भोग आरती दर्शन में श्रीजी प्रभु में गो चारण एवं लाडले लाल प्रभु में बैठे फूल महल का मनोरथ होगा। इसी दिन लाल बावा का जन्म दिवस होने के कारण वल्लभ कुल की परंपरा अनुसार राजभोग दर्शन पश्चात मोती महल में मारकंडेय पूजा होगी।

## जायका प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण

चित्तौड़गढ़। जल संसाधन विभाग राजस्थान द्वारा जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के सहयोग से संचालित राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना के अंतर्गत जिले में सिंचाई परियोजनाओं के पुनरुद्धार कार्यों का जायका के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने निरीक्षण किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग अभय कुमार की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित जायका मुख्यालय के प्रतिनिधियों कृइनागाकी युकारी और सिद्धार्थ परमेश्वरम कृके साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान राजस्थान में परियोजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। परियोजना के अंतर्गत जिले में बड़गांव, भूपालसागर, अरनिया, भंवर पीपला और वागन सिंचाई परियोजनाओं में बांध एवं नहरों के पुनरुद्धार कार्य जारी हैं। इसके साथ ही किसानों की आजीविका सुधार हेतु ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर, मल्चिंग, लो टनल, वर्मी बेड और सोलर पंप जैसी आधुनिक तकनीकों पर 75 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

भूपालसागर बांध का किया निरीक्षण

जायका प्रतिनिधियों ने भूपालसागर बांध पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जल उपभोक्ता संगम, कृषक हित समूह और राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से संवाद कर परियोजना से प्राप्त लाभों की जानकारी ली गई। लाभार्थियों ने परियोजना को क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए अपने अनुभव साझा किए एवं राज्य सरकार और जायका का आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता रमा शंकर शर्मा, अधिशासी अभियंता राजकुमार शर्मा, उद्यान विभाग के उपनिदेशक शंकर लाल जाट और परियोजना प्रबंधन सलाहकार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। परियोजना के कार्यों की सराहना करते हुए जायका प्रतिनिधियों ने इसे सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को धन्यवाद देकर परियोजना की निरंतरता बनाए रखने हेतु आवश्यक सुझाव दिए।

## शिल्पग्राम में मृत्युंजय नाटक रविवार को

उदयपुर। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या रंगशाला में रविवार 23 मार्च 2025 को शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर नाटक मृत्युंजय का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार 23 मार्च 2025 को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर ष्मृत्युंजयष् नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के निर्देशक हरीश पंवार तथा लेखक फरहान शेख है। इस नाटक की कहानी शहीद भगत सिंह के इर्द.गिर्द घूमती हैए जिसमें उनके द्वारा किए गए देशहित के कार्यों और क्रांतिकारी गविधियों पर प्रकाश डाला गया है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## नरसी कुलरिया ने किए श्रीनाथजी के दर्शन, समाज उत्थान को लेकर चर्चा की

नाथद्वारा। सुथार समाज के उद्योगपति और भामाशाह नरसी कुलरिया बुधवार को नाथद्वारा प्रवास पर रहे। सुथार समाज की ओर से उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। नरसी कुलरिया ने समाज के लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को हमेशा राष्ट्रीय चेतना के लिए आगे रहना चाहिए और समाज के युवाओं को हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए। सुथार समाज अपने हाथ की कारीगरी की कला के लिए जाना जाता है और हम सभी को अपनी मेहनत के बलबूते पर बेहतरीन प्रयास करना है कि समाज कैसे आगे बढ़े क्योंकि जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति सशक्त होगा तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी है साथ ही कुलरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। श्री विश्वकर्मा सेवा संस्थान द्वारा प्रभु श्री नाथ जी की छवि व प्रसाद भेट सम्मान किया। कवि धीरज सुथार ने नरसी जी से युवा फर्नीचर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़े साथ ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका कैसे निभाए इस पर नरसी जी के विचार जाने नरसी कुलरिया सदैव सामाजिक सरोकार, मानवसेवा हितार्थ, गौ सेवा राष्ट्र चेतना के हितार्थ सदैव अग्रणी रूप से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर किशनलाल सुथार, तिलकेश सुथार ओडन, पुरूषोंत्तम सुथार, कवि धीरज सुथार, भवर सुथार, चेतन सुथार, मांगीलाल सुथार, अम्बालाल सुथार, जमनालाल सुथार, मांगीलाल सुथार, जगदीश सुथार, रमेश सुथार, कमलेश सुथार, कन्हैयालाल सुथार, पुरन सुथार, ललित सुथार, मुकेश शर्मा, मुकेश सुथार, कमलेश सुथार, गोपाल सुथार, पुष्कर सुथार आदि मौजूद थे।

## राजसमंद में जूट और कपडे के बैग की डिमांड बढ़ी

राजसमंद। राजसमंद में जूट और कपडे के बैग की अब डिमांड बढ़ने लगी है। इसके लिए अब ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं बैग बनाने में जुट गई है। कलेक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में शुरू किए गए प्रोजेक्ट सक्षम सखी एवं प्लास्टिक मुक्त राजसमंद अभियान के तहत राजीविका एसएचजी की सदस्य ग्रामीण महिलाएं जुट और कपडे के बैग बना रही है। जिससे बैग जिलेभर में वितरित हो और आमजन में सिंगल यूज प्लास्टिक के बजाय पर्यावरण अनुकूल बैग उपयोग में लाने की आदत बने। कलेक्टर भी अभियान की क्लोज मॉनिटरिंग कर रहे हैंए जिससे अधिक से अधिक ऑर्डर एसएचजी को मिले और बैग भी समय पर तैयार होकर वितरित हो सकें। राजीविका के तकनीकी विशेषज्ञ मुकेश कुमार नवल के अनुसार कलेक्टर द्वारा फ्लिहाल 51 हजार जुट और कपडे के बैग वितरण करने के टारगेट को लेकर कार्य किया जा रहा है जिसके तहत संस्थाओं द्वारा राजीविका को ऑर्डर मिले है। परियोजना प्रबंधक डॉ. सुमन अजमेरा ने भी एसएचजी को समय पर ऑर्डर की पूर्ति करने के निर्देश दिए हैं कि जिससे समय पर भुगतान हो सके तथा आगे भी और ऑर्डर मिल सकें। नवल ने बताया कि नगर परिषद द्वारा 2000 कपडे के बैगए 2000 जुट के बैगए नगर पालिका नाथद्वारा ने 4000 कपडे और 3000 जुट के बैगए पंचायतीराज विभाग ने 11000 कपडे के बैगए खान एवं भू विज्ञान विभाग ने 1000 जूट के बैग और 4000 कपडे के बैग, नगर पालिका देवगढ़ ने 1000 जुट के बैग और 3000 कपडे के बैग के एडवांस ऑर्डर दिए हैं। इस तरह अब तक कुल 31 हजार बैग के ऑर्डर मिले हैं और शेष 20 हजार ऑर्डर भी जल्द मिलने की उम्मीद है।

# खेलगांव में बन रहा इंटरनेशनल सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक

### अप्रैल के अंत तक तैयार हो जाएगा, नेशनल-इंटरनेशनल खेलों की मिलेगी मेजबानी

**उदयपुर।** उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में अप्रैल के अंत तक इंटरनेशनल स्तर का सिंथेटिक एएथलेटिक्स ट्रैक बनकर तैयार हो जाएगा। यहां खिलाड़ी प्रैक्टिस कर सकेंगे। साथ ही उदयपुर में अ ब नेशनल और इंटरनेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं भी हो पाएंगी। अब तक उदयपुर के एथलीट खिलाडियों को शहर में मिट्टी के ट्रैक पर ही प्रैक्टिस करनी पड़ती है जहां कई बार खिलाड़ी चोटिल हो जाते हैं लेकिन ऐसे खिलाड़ियों को अब बड़ी सौगात मिलने



वाली है। जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल ने बताया कि एथलेटिक्स ट्रैक का काम अप्रैल अंत तक पूरा हो जाएगा। डामरीकरण का काम पूरा हो चुका है। इसके बाद इस पर सिंथेटिक की लेयर बिछाई जाएगी। ट्रैक की फिनिशिंग कर खेल विभाग को सुपुर्द किया जाएगा। यहां स्पेशल कोच लगेंगे, जो खिलाडियों को प्रशिक्षित करेंगे। उदयपुर संभाग के खिलाडियों को अब तक मिट्टी के ट्रैक पर ही दौड़कर अपनी तैयारी करनी पड़ती है। ऐसे में उनके चोटिल होने का खतरा बना रहता है। अभी शहर के गांधी ग्राउंड और एमबी ग्राउंड पर बने ट्रैक पर ही एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित होती आ रही है। खेलगांव में ट्रैक तैयार होने के बाद खिलाड़ियों को फायदा होगा। वे इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुसार तैयारी कर पाएंगे। पूर्व कांग्रेस सरकार ने इस ट्रैक के लिए 7.50 लाख रुपए का बजट जारी किया था। यह ट्रैक 400 मीटर का होगा। जिसमें आठ लेन होगी, जो कि इंटरनेशनल स्तर का है। यानी 8 खिलाड़ी एक साथ यहां दौड़ सकते हैं।

## होली मिलन समारोह में नर्सेज को किया सम्मानित

उदयपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एउदयपुर के जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष एवं प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्सिंग अधीक्षक गीता आहारीए ओम प्रकाश पालीवालए शारदा गरासिया व जितेंद्र भटनागर थे। विशिष्ट अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटाए संरक्षक रमेश मीणा एसंभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। सभी अतिथियों ने 9 वर्ष का सेवा कल पूरा कर चुके नर्सिंग ऑफिसर एवं नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर का गुलाल से तिलक लगाकरए उपरणा ओढ़ाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। होली मिलन समारोह में सभी नर्सिंग ऑफिसर ने जमकर होली खेली एवं डीजे पर खूब थिरके। कार्यक्रम के दौरान डॉ राकेश दशोरा एवं प्रफुल्ल गांधी ने हार्टफूलनेस ध्यान करवाया। उदयपुर आरएनटी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन सभी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण चौहान, शर्मिला माली, महेंद्र सिंह सारंगदेवोत, डॉ विपिन मेहता जगदीश पूर्बिया, सूर्य प्रकाश चौहान सुनीता शर्मा, हरिश चौबीसा, हितेश लबाना हंसराज मीणा योगेश उपाध्याय गुलाम नबी सहित सैकड़ो सीनियर नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित थे।

## युवक की हत्या के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** उदयपुर में दवाणा हत्याकांड मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने हथियारों से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या की थी। अब हत्यारे सलूंबर थाना पुलिस की गिरफ्त में आए है। थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया कि आरोपी भीमराज उर्फ भीमा पुत्र लालूराम मीणा, कालु पुत्र लालूराम मीणा, नरेन्द्र उर्फ नरेश पुत्र शंकरलाल मीणा, कीर्तन पुत्र दल्लाराम, भगवान लाल पुत्र दल्लाराम और महेन्द्र पुत्र नाथु मीणा को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी अदवासए जावरमाइंस थाना क्षेत्र निवासी है। थानाधिकारी ने बताया कि 14 मार्च 2025 को प्रेमसिंह ने अपने भाई भंवर सिंह की हत्या का मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया था कि दिनेश पुत्र पेमाजी निवासी पलोदड़ा हाल दवाणा की भीमा पुत्र लाला मीणा से फोन पर बात हुई। फोन पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद दिनेश के साथ हिम्मतराम और देवीलाल समझाइश करने भीमा के पास गए। बीच रास्ते में भीमा पुत्र लालाए कालू पुत्र लालाए पुष्कर पुत्र खेमा, कपिल पुत्र भगवाना, जीतू पुत्र भगवाना सहित अन्य लोग हथियारों से लेस होकर आए। इन पर हमला कर दिया। इतने में दिनेश और हिम्मतराम वहां से भाग गए। प्रार्थी ने बताया कि गांव की भीड़ में मेरा भाई भंवर सिंह पुत्र गमेर सिंह भी था। आरोपियों ने मेरे भाई पर कुल्हाड़ी, लठ और पत्थरों से मारपीट कर दीए जिससे वह गंभीर घायल हो गया, उसे झाड़ोल हॉस्पिटल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भाई के पास एक मोबाइल, लाइसेंस, आधार कार्ड और जेब में करीब 10 हजार रुपए थे, जो किसी ने चुरा लिए थे। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## महिलाएं जेठ-ससुर के सामने कैसे उठाएंगी घूंघट, यह हमारी संस्कृति के खिलाफ : सांसद रोत

बांसवाड़ा। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत ने सदन में एक बार फिर क्षेत्रीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि रोजगार गारंटी योजना में महिलाओं के आंखों की स्क्रीनिंग के तहत हाजिरी सिस्टम हमारी संस्कृति के खिलाफ है। सांसद रोत ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान शून्यकाल में मनरेगा योजना में मेट.कारीगरों का समय पर भुगतान करने की मांग उठाई। सांसद रोत ने कहा कि सरकार ने ऑनलाइन हाजिरी सिस्टम लागू किया है, जिसमें मेट द्वारा महिलाओं के चेहरे व आंखों की स्क्रीनिंग से ऑनलाइन हाजिरी ली जा रही है। यह सिस्टम आदिवासी एवं देश के अन्य कई समाज की सामाजिक व्यवस्था के साथ.साथ हमारी संस्कृति को खत्म कर रहा है। हमारी संस्कृति में ससुर या जेठ के सामने बहू घूंघट नहीं उठाती है। परए मनरेगा में ऑनलाइन उपस्थिति चालू हुई है। कई जगह कार्यरत महिला श्रमिकों के ससुर ही वहां मेट हैं। वे ही उपस्थिति लेंगे। कार्यस्थल पर उनकी ही बेटा.बहू और भाई की पत्नी भी काम कर रही हैं। ऐसे में घूंघट उठाकर ऑनलाइन फोटो अपडेट करने में खासी दिक्कत हो रही है। सांसद राजकुमार रोत ने बांसवाड़ा को रेल सुविधा से जोड़ने का मुद्दा संसद में फिर उठाया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में ऐसे गिने-चुने ही जिले होंगे, जहां रेल सुविधा नहीं होगी। उनमें जनजाति क्षेत्र का बांसवाड़ा जिला भी शामिल है। सांसद ने कहा कि डूंगरपुर से रतलाम वाया बांसवाड़ा रेल परियोजना वर्ष 2012 में यूपीए सरकार ने स्वीकृत किया था। परए 13 वर्ष बाद भी यह परियोजना अधूरी है। इसकी चाल देखकर लगता है आगामी 10 साल बाद भी पूरी नहीं होगी। रोत ने परियोजना को आगामी पांच वर्ष में पूरा करने की मांग की। इसके साथ ही डूंगरपुर रेलवे स्टेशन का नाम भील राजा डूंगर बरण्डा के नाम से करने की मांग की। रोत ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों को रेल सुविधा से जोड़ा जाता है, तो जिले के लोगों को सामाजिक व आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने अहमदाबाद और उदयपुर में रुकने वाली कई ट्रेनों को डूंगरपुर तक विस्तार देने की मांग की।

## जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशालाओं का आयोजन

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के सभागार में बुधवार को कट्स संस्थान चित्तौड़गढ़ द्वारा द एशिया फाउंडेशन के सहयोग से साइबर सुरक्षा और बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सूक्ष्म लघु और मध्यम व्यावसायिक इकाइयों के संचालकों की क्षमता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशालाओं का आयोजन किया। जयपुर से साइबर सुरक्षा कार्यक्रम प्रभारी आकर्ष भार्गव ने साइबर सुरक्षा और इसके महत्व की बुनियादी समझ और भारत में समग्र साइबर अपराध परिदृश्य और साइबर हमलो के प्रकार के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में भारत की जीडीपी का 30 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म लघु और मध्यम व्यावसायिक इकाइयों से आता है तथा 60 प्रतिशत भारतीय सूक्ष्म लघु और मध्यम व्यावसायिक



इकाइयों से जुड़े लोग प्रभावित हुए और छोटे व्यवसाययों के खिलाफ 2021 से साइबर अपराधों में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है भारत में 43 प्रतिशत साइबर हमले छोटे व्यवसायों को निशाना बनाते हैं। साइबर पुलिस थाना उदयपुर की सहायक थाना प्रभारी राजू राज ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर साइबर अपराधों की तत्काल सूचना देने के संदर्भ में जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. लतिका व्यास, राम फास्फेट लिमिटेड के निदेशक किशोर सुकथनकर, राजस्थान पुलिस के कुलदीप सिंह, आस्था संस्थान की भंवर सिंह चंदाना, शशि प्रभा, मोहन गिरी गोस्वामी, संकल्प क्रेडिट से ललित जारोली,साइबर क्राइम साफ्ट वियर इंजीनियर सौरभ उपाध्याय, गायत्री मोड आदी मौजूद रहे।

## सहस्त्रबाहु नारी शक्ति ने मनाया फाग उत्सव एवं होली मिलन

**उदयपुर।** सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन ने फाग उत्सव एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया । संगठन की उपाध्यक्ष कल्पना पूर्बिया ने बताया कि फाग उत्सव एवं होली मिलन धूमधाम से मनाया। अध्यक्ष निर्मला जायसवाल ने बताया कि संगठन की महिलाओं ने फाग उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने होली के गीत गाते हुए जम के नाच गान किया और एक दूसरे के तिलक लगाकर होली खेली एवं एक दूसरे पर फूलों की बहुत बरसात की। कार्यक्रम



में शांता नागर, राजकुमारी सुहालका, कल्पना पूर्बिया, राजश्री पूर्बिया, प्रमिला पूर्बिया, रेखा सुहालका, सुमति सुहालका, लता सुहालका, मनीला पूर्बिया, शालिनी पूर्बिया सहित सभी वर्ग की सदस्याएं उपस्थित रही। सभी नारी शक्ति ठाकुर जी के संग रंग में रंगी एवं प्रतियोगिताएं, नृत्य, भजन आदि से समा बांधा। कार्यक्रम के पश्चात उपाध्यक्ष कल्पना पूर्बिया द्वारा अल्पाहार एवं प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष निर्मला जायसवाल ने बताया कि पुरे वर्ष आयोजन करके रीति-रिवाज एवं सनातन धर्म से जुड़ी रहती हैं।

## महिलाएं स्वयं के सशक्तिरण के साथ अपनी बेटियों को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाएं-मिश्रा

**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान ज़िंक महिला सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है और कंपनी महिलाओं के कार्य हेतु सबसे सुरक्षित कंपनियों में से एक है। महिलाएं स्वयं के सशक्तिकरण के साथ अपनी बेटियों को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाएं। यह बात हिन्दुस्तान ज़िंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा ने हिन्दुस्तान ज़िंक चन्देरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर, मंजरी फाउंडेशन एंव सखी संगम समिति द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित सखी उत्सव कार्य म में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि घर की जिम्मेदारियां निभाते हुए स्वयं को सशक्त बनाना भारतीय महिलाओं की परंपरा रही हैं। महिलाएं मुसीबत में भी टूटती नहीं हैं, वो संघर्ष करते हुए हमेशा आगे बढती हैं एवं प्रबन्धन में भी महिलाएं सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया कि वे हिन्दुस्तान ज़िंक के सखी, शिक्षा संबल और उंची उड़ान जैसे कार्य मों का अधिक से अधिक लाभ लें। कार्य म की विशिष्ठ अतिथी हिंदुस्तान जिंक की हेल्थ एवं फिटनेस ब्रांड एंबेसडर अल्ट्रा डिस्टेन्स रनर सूफिया सूफी ने कहा कि सखी कार्य म से इतनी सारी सशक्त महिलाओं को जुड़ते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने समय समय पर सशक्तिरण का उदाहरण प्रस्तुत किया है, यदि हम ठान लें तो कुछ भी नाममुमकिन नही हैं। आयोजित सखी उत्सव में मटकी रेस, रस्सा कस्सी, खेलों का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया। राजस्थानी गीतों पर नृत्य, महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। बढ़ते तापमान के बावजूद उत्साह में कोई कमी नही थी।

## गुप्ता ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



**राजसमंद।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र राजनीतिक दलों की निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी बृजेश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त मतदान केंद्रों पर बीएलए की नियुक्ति, मतदाता सूची में लिंगानुपात और ईपी अनुपातए नवीन मतदाताओं एवं नवविवाहित मतदाताओं के नाम जोडने, मृत मतदाताओं के नाम हटाने, संशोधन की प्रक्रिया आदि विषयों को लेकर राजनीतिक दलों से चर्चा की गई। बैठक में दलों से उचित सहयोग की अपेक्षा जताई गई।

## राजस्थानी थीम पर लोक संगीत की प्रस्तुतियां, कार्यकर्ता सम्मान भी होगा : आकाश बागडी

**उदयपुर।** श्री एकलिंगनाथ सेवा संगठन के स्थापना दिवस पर 21 मार्च को आयोजित भव्य समारोह सुर समागम में बॉलीबुड कलाकार महेंद्र अलबेला अपने म्यूजिकल ग्रुप के साथ उदयपुर की जनता के लिए शानदार प्रस्तुतियां देंगे। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि लगातार सेवा कार्यों में तत्पर संगठन स्थापना दिवस के मौके पर समाज सेवा की कई नई योजनाएं भी हाथ में लेगा। संगठन को इसी महीने एक साल पूरा होने जा रहा है। इस उपलक्ष में 21 मार्च को भव्य समारोह महासतिया चौराहा स्थित सत्यम गार्डन में शाम को 6 बजे से आयोजित होगा। सुर समागम नाम



से आयोजित इस समारोह में मुंबई के महेंद्र अलबेला के अलावा राजस्थान की विशेष थीम पर कलाकार राजस्थान लोक संगीत की विशेष प्रस्तुतियां देंगे। शहर विधायक ताराचंद जैनए ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणाए समाजसेवी रवींद्र श्रीमाली सहित अन्य कई विशिष्ठजन भी उपस्थित रहेंगे। संरक्षक विनोद पांडे ने बताया कि स्थापना दिवस के साथ ही संगठन समाजसेवा के अन्य कार्यों को लेकर रणनीति तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि संगठन ने एक साल के भीतर ही समाज सेवा के अनेक कार्य हाथ में लेकर उन्हें पूरा करने का प्रयास किया है। 15 बेटियों को गोद लेकर उनकी शिक्षा व्यवस्था के साथ ही गांवों में चिकित्सा कैंप आयोजित किए गए तथा पांच हजार से ज्यादा बच्चों को शिक्षा किट वितरित कर उन्हें पढने के लिए प्रेरित किया गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढाओ की मुहिम से समाज में जाग्रति फैलाई जा रही है। संरक्षक निर्मल कुमार पंडित ने बताया कि संगठन के कामों को देखते हुए कई नए कार्यकर्ता भी जुडे हैं। संगठन का महिला मोर्चा भी सक्रिय रुप से काम कर रहा है। संगठन की ओर से महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण शिविर शुरु किया गया है तथा आगामी 17 मई को सर्व समाज के लिए निशुल्क सामूहिक विवाह भी आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक मेनारिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण मेहता, महामंत्री गायत्री साहू, उपाध्यक्ष जाह्नवी जोशी, संतोष तंवर सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## आईसीएआई भवन में तीन दिवसीय एआई सर्टिफिकेट प्रशिक्षण का समापन

**पल पल राजस्थान**

**उदयपुर।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान की उदयपुर शाखा सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित तीन दिवसीय 'एआई' सर्टिफिकेट कोर्स लेवल 1 के प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हुआ। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया की एआई की ओर से तीन दिवसीय 'एआई' सर्टिफिकेट कोर्स की क्लासेज में 60 चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस ने रजिस्ट्रेशन किया और कोर्स को पढ़ाने के लिए अलग अगल वक्ताओं ने प्रशिक्षण करवाया। प्रथम दिन डॉण् सौरभ माहेश्वरीए द्वितीय दिन सीए सत्यप्रकाश जयसवाल और तीसरे दिन सीए रिशीर सोनी (वक्ता) ने विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। 'एआई' सर्टिफिकेट कोर्स की क्लासेज में कोटा और राजसमन्द के भी सीए आए तथा उदयपुर के सीनियर सदस्य सीए अनिल शाह भी क्लासेज में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत, कोषाध्यक्ष सीए सौरभ गोलछा, सीकासा अध्यक्ष सीए कपिल कुमार जोशी, सीकासा सदस्य सीए अरूणा गेलडा व कार्यकारिणी सदस्य सीए अंशुल कटेजा उपस्थित थे। कोर्स के समापन पर शाखा सचिव सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी ने उपस्थित सभी सीए सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सदन को मुफ्त सुविधाओं पर विचार विमर्श करने की आवश्यकता : धनखड़

## सांसद निधि को बढ़ाकर वार्षिक 20 करोड़ रुपए करने की मांग पर की टिप्पणी

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि शांति व्यवस्था, तुष्टिकरण, जिसे अक्सर मुफ्त सुविधाएं कहा जाता है, पर इस सदन को विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है, क्योंकि पूंजीगत व्यय उपलब्ध होने पर ही देश आगे बढ़ता है। धनखड़ ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह टिप्पणी उस समय की जब समाजवादी पार्टी के प्रो.रामगोपाल यादव ने सांसद निधि को बढ़ाकर वार्षिक 20 करोड़ रुपए करने की मांग की। प्रो.यादव ने कहा कि पहले एक हैंडपंप लगाने की लगत 15 हजार रुपए थी लेकिन अब यह बढ़कर 85 हजार से एक लाख रुपए तक हो गई है।



> चुनावी प्रक्रिया ऐसी है कि यह चुनावी प्रलोभन बन गए हैं और उसके बाद सत्ता में आने वाली सरकारें खुद को बहुत असहज महसूस करती हैं : जगदीप धनखड़

उन्होंने कहा कि सांसद निधि से विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए हर दिन सैकड़ों लोग आते हैं लेकिन लागत बढ़ने के कारण राशि की उपलब्धता कम होने के कारण अधिकांश लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता है जिसका सीधा असर लोकसभा चुनाव पर दिखाता है और इस वजह से करीब एक तिहाई सांसद चुनाव हार जाते हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे संविधान में विधानमंडल, सांसदों, विधायकों का प्रावधान था, लेकिन एक समान व्यवस्था नहीं थी। इसलिए आप पाएंगे कि कई राज्यों में विधानसभाएं संसद सदस्यों से कहीं जयादा विधानसभा सदस्यों को भत्ते और वेतन देती हैं, और यहां तक कि विधानसभा के पूर्व सदस्य के लिए पेंशन में भी एक से 10 के पैमाने पर अंतर होता है। अगर एक राज्य में किसी को एक रुपया मिल रहा है, तो दूसरे राज्य में पेंशन 10 गुना होगी, और इसलिए, चूंकि यह ऐसे मुद्दे हैं जहां कानून इस मुद्दे से निपट सकता है और इससे राजनेता को मदद मिलेगी, इससे सरकार को मदद मिलेगी, इससे कार्यपालिका को मदद मिलेगी और इससे निवेश की उच्च गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी। धनखड़ ने कहा कि कृषि क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अगर सब्सिडी की जरूरत है, तो उसे सीधे दिया जाना चाहिए, विकसित देशों में यही चलन है। उन्होंने कहा कि मैंने अमेरिकी तंत्र से जांच की। अमेरिका में हमारे देश के बराबर 1/5 किसान परिवार हैं, लेकिन अमेरिकी किसान परिवार की औसत आय अमेरिकी परिवार की सामान्य आय से ज़्यादा है, और ऐसा इसलिए है क्योंकि किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी सीधे, पारदर्शी और बिना किसी बिचौलिए के दी जाती है। सभापति ने कहा कि माननीय सदस्यों, मुझे संविधान सभा की बहस याद आ रही है, जहां एक प्रतिष्ठित सदस्य, सिधवा, न्यायाधीशों को हटाने के लिए संसद की शक्ति पर विचार कर रहे थे और उन्होंने कहा कि अन्य तत्वों की जांच किए बिना शक्ति को कम करना बहुत अच्छा है।

लेकिन मेरा विश्वास करें, उन्होंने कहा, न्यायाधीशों की संख्या बढ़ जाएगी, हम एक भी न्यायाधीश को नहीं हटा पाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी पर दोनों पक्षों को विचार करना चाहिए और सदन में इस पर चर्चा होनी चाहिए।

### सांसद निधि को लेकर सरकार को दिया सुझाव

सभापति जगदीप धनखड़ ने इस निधि को लेकर सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि इस निधि को सालाना 20 करोड़ रुपए कर दिया जाए या फिर इसको समाप्त कर दिया जाए। प्रो.यादव का कई अन्य सदस्यों ने भी समर्थन किया। इसके बाद सभापति ने अपनी टिप्पणी में कहा कि चुनावी प्रक्रिया ऐसी है कि यह चुनावी प्रलोभन बन गए हैं और उसके बाद सत्ता में आने वाली सरकारें खुद को बहुत असहज महसूस करती हैं, इतनी असहज कि वे अपने विचारों पर फिर से विचार करना चाहती हैं। एक राष्ट्रीय नीति की तत्काल आवश्यकता है ताकि किसी भी रूप में सरकार के सभी निवेशों का व्यवस्थित तरीके से व्यापक हित में उपयोग किया जा सके।

## ओम बिरला ने सुनीता विलियम्स की वापसी पर जताई खुशी

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की जटिल परिस्थितियों के बीच धरती पर सकुशल वापसी से भारत में खुशी का महौल है इसी को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ाला ने एक संदेश में कहा कि नासा और क्रू 9 मिशन की सुरक्षित वापसी के पीछे की अविश्वसनीय टीम को हार्दिक बधाई। सुनीता विलियम्स ने अपनी भारतीय जड़ों और वैश्विक सद्भावना के साथ, अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों और अटूट दृढ़ संकल्प से पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा इस मिशन के दौरान, सुनिता विलियम्स ने अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ, दृढ़ता, टीमवर्क और साहस की शक्ति का प्रदर्शन किया है। उनका मिशन न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण में एक मील का पत्थर है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि जब हम बड़े सपने देखते हैं और एक साथ काम करते हैं तो मानवता क्या हासिल कर सकती है। हम उनकी असाधारण यात्रा को सलाम करते हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर सफलता की कामना करते हैं।



उल्लेखनीय है कि नौ माह तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसी सुनीता और बुच विल्मोर बुधवार को सुबह एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन यान से फ्लोरिडा के पास समंदर में उतरे। दोनों को 05 जून, 2024 को परीक्षण यान स्टारलाइनर से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए भेजा गया था। उन्हें आठ दिन बिता कर लौटना था लेकिन यान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण वे वहां फंस गए।

## संसद से

### प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बहुत उपयोगी साबित हो रही है : येसो नाइक

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन ये बहुत सकारात्मक प्रभाव सामने आ रहे हैं और खासकर पर्यावरण सरंक्षण के क्षेत्र यह बहुत उपयोगी साबित होगी। नाइक ने प्रश्नकाल में एक सवाल के जवाब में कहा कि आम आदमी को छतों पर सोलर पैनल लगाने में सरकार प्रति किलोवाट पर 30 हजार रुपये अनुदान देती है। इस योजना के सुचारु संचालन के लिए करीब 60 हजार कारीगर प्रशिक्षित किए गए हैं, जो लाभार्थियों की मदद करते हैं।

### स्वास्थ्य के लिए बनाई गई है व्यापक नीति हर क्षेत्र का रखा गया है ध्यान : नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मोदी सरकार द्वारा देश को तपेदिक मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए बुधवार को राज्यसभा में कहा कि इस सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नई स्वास्थ्य नीति बनायी है जो समग्र और व्यापक होने के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े हर क्षेत्र को ध्यान में रखा गया है। नड्डा ने सदन में उनके मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि इस चर्चा में 37 सदस्यों ने भाग लिया और कई सदस्यों ने अंतिम मील कनेक्टिविटी और जमीनी स्तर पर डिलीवरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि चूंकि राज्य एक स्वास्थ्य विषय है, इसलिए कार्यान्वयन राज्य सरकार के हाथ में है।

### प्रधानमंत्री की प्रस्तावित श्रीलंका यात्रा पर वाईको ने उठाए सवाल

मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) सदस्य वाइको ने बुधवार को राज्यसभा में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों को मारे जाने के आरोप लगाते हुए सवाल किया क्या ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को श्रींलका की यात्रा पर जाना चाहिए। वाईको ने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए आरोप लगाया कि भारतीय नौसेना श्रीलंकाई नौसेना के साथ मिलकर मछुआरों को परेशान कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हालांकि इसका विरोध किया और इस आरोप को सदन की कार्यवाही से हटाने की अपील की।

### घुसपैठियों और उनको देश में मदद करने वालों के विरुद्ध हो कठोर कार्रवाई : बंसल

भाजपा के सदस्य नरेश बंसल ने घुसपैठिओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाते हुए कहा कि रोहिंग्यों व अन्य घुसपैठियों के मददगारों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जानी चाहिए। बंसल ने शून्यकाल के दौरान सदन में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि जो लोग देश में घुसपैठ करा रहे हैं और यहां के कागजात दे रहे हैं उनके खिलाफ सख्ती बरती जाए। इस तरह के काम करने वाले गिरोह को गिरफ्तार कर उनका नेटवर्क ध्वस्त किया जाए। साथ ही उन्होंने घुसपैठिए को चिह्नित कर वापस भेजने की भी मांग उठाई। सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले रोहिंग्या व अन्य घुसपैठिए उत्तर-पूर्व से बंगाल, असम, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश होते हुए नेपाल सीमा तक पहुंच रहे हैं। रोहिंग्या व अन्य घुसपैठिओं के अवैध रूप से भारत में प्रवेश के बाद विभिन्न राज्यों में उनके सुरक्षित ठिकानों, मददगारों और दूरस्थ राज्यों तक पहुंचने के मार्ग तथा माध्यमों की पड़ताल किए जाने की जरूरत है।

### भारत की 2040 में भारतीय मूल के व्यक्ति को चांद पर भेजने की योजना : डॉ.जितेन्द्र सिंह

सरकार ने लोकसभा में बताया कि भारत की वर्ष 2040 में भारतीय मूल के व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेन्द्र सिंह ने लोकसभा में प्रश्न काल में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि भारत की वर्ष 2040 में भारतीय मूल के व्यक्ति को चांद पर उतारने की योजना है। उन्होंने बताया कि देश के सर्वाधिक महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान 4 को 2027 में लॉन्च करने की योजना है। इसी तरह वर्ष 2028 में वीनस मिशन की योजना है।

### ऑनलाइन गेमिंग की 1097 साइट बंद की जा चुकी हैं : अश्विनी वैष्णव

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग की समस्या को लेकर गंभीर है और 1097 गेमिंग साइट बंद की जा चुकी हैं। वैष्णव ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य सरकारों के साथ समन्वय से ऑनलाइन गेमिंग और साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप राज्य सरकारों के साथ मिलकर इस समस्या से निजात पाने के लिए तेजी से काम करेंगे। केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर इस पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में नियमन इकाई बेहतर काम कर सकती है।

## सार संक्षेप

### बांदीपोरा-श्रीनगर मार्ग पर संदिग्ध आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बुधवार सुबह संदिग्ध देसी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार पूर्वाह्न नौ बजे के करीब 'सन सेट प्वांइट' के नजदीक बांदीपोरा-श्रीनगर राजमार्ग खोलने के दौरान सुरक्षा बलों ने यह संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया। तत्काल बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया तथा राजमार्ग पर यातायात की आवाजाही को बंद कर दिया गया।

### बिहार के संविदा कर्मी नहीं होंगे स्थायी

**पटना।** बिहार सरकार ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि राज्य में संविदा कर्मियों को स्थायी करने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को विधान परिषद में भोजनावकाश से पहले की बैठक में निर्दलीय सदस्य बंशीधर बृजवासी के ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि संविदा कर्मियों को स्थायी करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। चौधरी ने न्यूनतम वेतन नहीं दिए जाने से संबंधित एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि ऐसी कोई भी सूचना मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### तमिलनाडु में दिनदहाड़े हिस्ट्रीशीटर की हत्या की

**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड में सलेम-कोयम्बटूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नसियानूर में बुधवार को दिनदहाड़े एक हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर दी गई। इसी दौरान, चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, सलेम के किच्चिपलायम का रहने वाला जॉन उर्फ चाणक्य नामक हिस्ट्रीशीटर और उसकी पत्नी सरन्या कार से सलेम से तिरुप्पुर लौट रहे थे, तभी दो कारों में उनका पीछा कर रहे एक अज्ञात गिरोह ने जानबूझकर उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। बाद में, गिरोह ने जॉन पर दरांती से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### यादव नर्मदा-शिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना का करेंगे लोकार्पण

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश वासियों को निरंतर सौगातें मिलती रहेंगी। इसी क्रम में डॉ यादव 20 मार्च को उज्जैन जिले में एक परियोजना का लोकार्पण करेंगे। डॉ. यादव ने आज मीडिया को जारी संदेश में कहा कि गुरुवार 20 मार्च को उज्जैन जिले के तराना क्षेत्र में कई खेतों को नर्मदा जल से सिंचाई की सौगात प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में क्रियान्वित हो रहे नदी जोड़ो अभियान से सिंचाई का व्यापक और प्रभावी वातावरण निर्मित हो रहा है।

## मध्य प्रदेश में मऊगंज के एसपी व कलेक्टर हटाए गए



**भोपाल,** 19 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में हुई हिंसा में एक पुलिसकर्मी की हत्या के बाद सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए वहां के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को हटा दिया है। कल देर रात जारी आदेशों के अनुसार मऊगंज कलेक्टर रहे वर्ष 2013 बैच के अधिकारी अजय श्रीवास्तव को लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग का उप सचिव बनाते हुए अब तक इस पद पर रहे 2015 बैच के अधिकारी संजय कुमार जैन को मऊगंज कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं अब तक मऊगंज पुलिस अधीक्षक रहीं श्रीमती रसना ठाकुर पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाई गईं हैं। उनके स्थान पर दिलीप कुमार सोनी मऊगंज एसपी के तौर पर पदस्थ किए गए हैं। वे अब तक उज्जैन आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के पुलिस अधीक्षक थे।

> हिंसा में पुलिसकर्मी की हत्या के बाद सरकार ने किया प्रशासनिक फेरबदल

## बिहार विस में उठा सड़क जाम का मुद्दा

### सभाध्यक्ष ने सरकार को समस्या के समाधान का दिया निर्देश

**पटना,** 19 मार्च (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह प्रदेश में सड़क जाम की समस्या के समाधान के लिए और अधिक प्रभावी एवं रचनात्मक कदम उठाए। यादव ने विधानसभा में बुधवार को भोजनावकाश से पहले की बैठक में भारतीय जनता पार्टी सदस्य अमरेंद्र प्रताप सिंह के अल्पसूचित प्रश्न पर पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन के उत्तर के दौरान हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सड़क जाम, डेड लोड और ऐसे अन्य मुद्दे आम चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा कि सदन के सदस्यों के साथ-साथ आम लोगों को भी सड़क जाम के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि वह बाधाओं को कैसे हल करेगी। उन्होंने मंत्री से सड़क जाम से राहत देने के लिए और अधिक रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने को कहा। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से भी वैकल्पिक मार्ग बनाने का अनुरोध किया गया है।



इसके अलावा उनका विभाग कोइलवर पुल के पास और बिहटा में सड़क जाम से राहत दिलाने के लिए जल संसाधन विभाग के 23 किलोमीटर लंबे तटबंध को भी वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग करने की योजना बना रहा है। सिंह ने अपने पूरक प्रश्न के माध्यम से सदन का ध्यान लोडेड भारी वाहनों को तीन से चार लाइनों में पार्क करने की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया।

#### पुल पर भारी वाहनों के रुकने व पार्क करने की अनुमति नहीं : सिंह

पथ निर्माण मंत्री ने सिंह तथा अजीत कुमार सिंह, संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी और महानंद सहित कुछ अन्य सदस्यों के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए घोषणा की कि राज्य में किसी भी पुल पर भारी वाहनों के रुकने और पार्क करने की अनुमति नहीं है, क्योंकि इससे पुलों की क्षमता प्रभावित होती है। पथ निर्माण मंत्री ने सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन को आदेशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। नवीन ने सड़क जाम से राहत दिलाने के लिए दीर्घकालिक और अल्पकालिक योजनाओं का विवरण देते हुए कहा कि तत्काल राहत के लिए वैकल्पिक मार्गों की भी तलाश की जा रही है।

## राष्ट्र को सर्वोपरि रखें लोग : राजनाथ

### मेजर बॉब खाथिंग स्मृति कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 19 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि वे मेजर बॉब खाथिंग के सिद्धांत के अनुरूप सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें, ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निडरता से आगे बढ़ें। सिंह ने बुधवार को यहां असम राइफल्स और यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेजर बॉब खाथिंग स्मृति कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। रक्षा मंत्री ने मेजर बॉब खाथिंग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह ऐसे असाधारण व्यक्ति थे जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत भाग्यशाली है कि यह ऐसे प्रमुख व्यक्तित्वों का घर है जिनके लिए राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है। उन्होंने मेजर खाथिंग को भारत का ऐसा महान सपूत बताया, जिन्होंने युद्ध के मैदान में अपनी बहादुरी और कूटनीति के क्षेत्र में कौशल के माध्यम से देश के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाना लोगों की जिम्मेदारी है। सिंह न केवल तवांग बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के एकीकरण, विकास और पुनर्निर्माण में मेजर खाथिंग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



> राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में मेजर बॉब खाथिंग ने दिया महत्वपूर्ण योगदान : राजनाथ सिंह

#### प्रशासनिक सुधारों पर दिया जा रहा ध्यान

रक्षा मंत्री ने मेजर खाथिंग की प्रशासनिक दक्षता, विशेष रूप से सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन और ऐसे अन्य सुधारों में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसी तरह सरकार प्रशासनिक सुधारों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन और सुशासन के माध्यम से हमने लोगों और सरकार के बीच की खाई को कम किया है। डिजिटल इंडिया और जनधन, आधार, मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी के माध्यम से आज प्रशासन अधिक जनोन्मुखी हो गया है।

## नाव पलटने से डूबे सभी सात लोगों के शव बरामद

**शिवपुरी,** 19 मार्च (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के खनियाधाना थाना क्षेत्र स्थित माताटीला बांध में नाव पलटने से डूबे सात लोगों के शव आज शाम तक पुलिस और विभिन्न बचाव दलों की टीमों द्वारा बरामद कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार खनियाधाना थाना क्षेत्र के राजा वन गांव एवं उसके आसपास लोग कल शाम माताटीला बांध के पानी के टापू पर बने एक मंदिर में एक नाव में सवार होकर जा रहे थे। तभी अचानक उनकी नाव पानी में डूब गयी। इसमें तीन महिलाएं एवं चार बच्चे डूब कर लापता हो गए। इन सभी के शव आज शाम तक पुलिस एवं विभिन्न बचाव दलों की टीमों ने बरामद कर लिए गए हैं। आज सुबह से दोपहर तक छह शव पानी से निकाल लिए गए थे। आखरी कुमकुम लोधी (15) का शव भी शाम को मिल गया है। इस हादसे में सात व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा आठ लोग पानी से बचकर बाहर आ गए है। गांव के ही दो युवकों ने भी साहस का परिचय देते हुए इन लोगों को बचाने में बड़ा योगदान किया।

**घोषणा** *झारखंड सरकार ने श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव किया घोषित*

## देश-दुनिया में अपना अलग स्थान बनाए यह महोत्सव : सोरेन

**रांची,19 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हर वर्ष यहां श्री बंशीधर महोत्सव मनाया जाता है परन्तु विगत कुछ वर्षों से इस महोत्सव को और अधिक भव्य बनाने एवं महोत्सव का पैमाना बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने संकल्प लिया है।**

सोरेन ने बुधवार को गढ़वा जिला स्थित नगरऊंटारी में आयोजित राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव-2025 को संबोधित करते हुए कहा कि देश-दुनिया में यह महोत्सव अपना अलग स्थान बनाए, इस निमित्त हमारी सरकार ने इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में आयोजित करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी लोग इस महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। इस पावन बेला पर आप सभी को राज्य सरकार की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में हम राज्यवासियों के उत्थान तथा उनके विकास के लिए क्या-क्या कार्य करेंगे, इसकी रूपरेखा तैयार हो रही है।

इन कार्यों का बजटीय उपबंध विधानसभा सत्र के माध्यम से पारित कर राज्य सरकार अपना कार्य शुरू करेगी, इस निमित्त विधानसभा सत्र आहूत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके इस मैदान में मैं पहली बार नहीं आया हूं, कई बार आया हूं। मैं आप लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं, हाथ जोड़कर नमन करता हूं, कि आप लोगों ने हमें कभी निराश नहीं किया। आज आशीर्वाद के रूप में आप लोगों ने सरकार को मजबूत करने के लिए, अपने श्री बंशीधर नगर और पलामू प्रमंडल को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के पक्ष में दो-दो विधायक चुनकर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को उनके पैरों पर खड़ा करने हेतु ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए इस राज्य की सभी महिलाओं को हमने सम्मान राशि देने का काम किया है। देश के 28 राज्यों में नारी शक्ति को सबसे अधिक सम्मान देने का काम झारखंड में किया जाता है, वह भी राज्य सरकार के द्वारा। उन्होंने कहा कि हम कहते नहीं हैं , हम करके दिखाने वाले लोग हैं। हमने चुनाव से पहले जो वादा किया, सरकार बनते ही उस वादा को पूर्ण करने का काम किया है।



■ महोत्सव का पैमाना बढ़ाने के लिए लिया संकल्प

उन्होंने कहा कि मुझे तकलीफ भी होती है कि इतना मन लगाकर कार्य करने के बावजूद कुछ असामाजिक तत्व किस्म के लोग हमारे कार्यों में व्यवधान डालते हैं। हमें कार्य करने से रोकते हैं एवं झूठा आरोप लगाकर हमें परेशान किया जाता है। इन लोगों को अच्छा कार्य पसंद नहीं है। सोरेन ने कहा कि पलामू प्रमंडल पानी के लिए हमेशा तरसता रहा है। यह शैडो जोन में आता है, गर्मी यहां अधिक पड़ती है। किसान पानी की बूंद के लिए तरसते रहते है, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं हो पाती है, इसके लिए आप लोग चिंता ना करें। पूर्व के अपने शासनकाल में हमने इस क्षेत्र के गांव, खेत और किसानों तक पानी पहुंचाने के एक संकल्प लिया था, उसके तहत हम लोगों ने कनहर परियोजना का शुभारंभ किया था।

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

पल पल राजस्थान

हर पल की खबर

➲ प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 | RAJHIN/2021/81855 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379